## कारगिल विजय दिवस पर बिरसा चौक में शौर्य यात्रा



## कारगिल विजय दिवस : राष्ट्रीय युवा शक्ति ने दीप प्रज्वलित कर शहीदों को अर्पित किया श्रद्धा सुमन




रांची। राष्ट्रीय युवा शक्ति की ओर से बुधवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान अमर शहीद जवानों को दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव, उमेश साहू, आर्यन मेहता, सावन लिंडा, प्रीति सिन्हा जयसवाल, अशोक यादव, चंदा तिवारी, किरण कुमारी, निखिल गुप्ता, हर्ष बरनवाल, शैलेश नाथ तिवारी, राहुल गुप्ता, रंजन माथुर, मोनू विश्वकर्मा, रवि शर्मा, निखिल गुप्ता, विक्की कश्यप, रॉकी गोप, राघव सिंह, दिव्यांशु सिंह, मोहित कुमार, शुभम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

### रांची पुलिस की आम लोगों से अपील

# बिना सुरक्षा गार्ड वाले एटीएम बूथों का इस्तेमाल करने से बचें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे बिना सुरक्षा गार्ड वाले एटीएम बूथों का इस्तेमाल करने से बचें। गौरतलब है कि आजकल साइबर फ्रॉड करने वाले शातिर गिरोह के लोग एक नये तरीके से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। फ्रॉड करने वाला गिरोह पहले से ही एटीएम मशीन में कुछ बदलाव कर देता है और कस्टमर सपोर्ट के स्थान पर अपना मोबाइल नंबर एटीएम के अंदर चिपका देता है। जब लोग पैसे की निकासी के लिए एटीएम में आते हैं और अपना कार्ड डालते हैं, उनका कार्ड मशीन के अंदर फंस जाता है। फ्रॉड करने वाले गिरोह का सदस्य वहां पर मौजूद होकर देखता रहता है और समस्या के समाधान के लिए कस्टमर सपोर्ट नंबर पर फोन करने का सुझाव देता है। जैसे ही ग्राहक उस नंबर पर फोन कर अपनी बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी कस्टमर केयर (साइबर फ्रॉड ) को देता है, उसका पैसा कहीं और से निकल जाता है।

**जानें क्या है रांची पुलिस की आम लोगों से अपील**

- बिना निगरानी वाले एटीएम बूथों का इस्तेमाल करने से बचें।
- किसी अंजान आदमी से मदद न मांगें।
- कार्ड फंसने पर बैंक की आधिकारिक वेबसाइट या फोन नंबर पर ही संपर्क करें।
- फोन पर ओटीपी, कार्ड नंबर या सीवीवी की जानकारी न दें।
- किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की शिकायत तत्काल 1930 एवं अपने नजदीकी थाना को दें।

### बालू या जमीन विवाद में हत्या की आशंका

# सीपीआइ नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या, रिंग रोड किया जाम

**आक्रोशित लोगों ने स्थानीय दुकानों में की तोड़फोड़**

**दलादिली रिंग रोड में जिम बिल्डिंग में था सुभाष मुंडा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में सीएम हेमंत सोरेन की ओर से चेतावनी देने के बाद भी अपराधी लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। अपराधियों ने बुधवार रात 8.30 बजे सीपीआई नेता सह बालू कारोबारी सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी। जिस वक्त अपराधियों ने सुभाष मुंडा को गोली मारी, उस वक्त सुभाष मुंडा अपने दलादिली स्थित जिम वाले बिल्डिंग में बैठ कर काम निबटा रहे थे। उसी क्रम में दो अपराधी वहां पहुंचे और सुभाष मुंडा पर फायरिंग शुरू कर दी। सुभाष मुंडा को कई गोलियां मारी गई। डीएसपी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस छापेमारी कर रही है। सुभाष मुंडा की हत्या होने की सूचना पर रातू अगडु, दलादिली से सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंचे और दुकानों में जमकर तोड़फोड़ करने लगे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही नगड़ी पुलिस, रातू थाना पुलिस, अरगोड़ा, धुर्वा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस उनलोगों को रोकने के लिए गई तो आक्रोशित लोग पुलिस से भिड़ पड़े। मौके पर ग्रामीण एसपी समेत कई पुलिस पदाधिकारी पहुंच गए हैं। वहां पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। सुभाष मुंडा आदिवासियों का भी नेता था। सुभाष दलादिली का रहनेवाला था। वह बालू सप्लाई का भी काम कर रहा था और जमीन का भी कारोबार करते थे। जानकारी के अनुसार उन्होंने हटिया और मांडर विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था।

आशंका व्यक्त की जा रही है बालू विवाद या जमीन विवाद में ही सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर रही है। वहीं, देर रात तक रिंग रोड में लोग जमे हुए थे।

### खबर एक नजर में

## राज्यपाल ने एलिवेटेड रोड निर्माण की ली जानकारी



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ राजभवन में बैठक की। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से सहजानंद चौक से जज कॉलोनी तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्यों की जानकारी ली। मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार समेत विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में मना कारगिल विजय दिवस



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में बुधवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मौके पर देश के वीर शहीदों की शहादत को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। स्कूल की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि जवानों की शहादत से हमें सीख लेनी चाहिए और राष्ट्र की सच्ची सेवा करनी चाहिये। प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे राष्ट्र के साहस और पराक्रम का दिवस है। श्री शर्मा ने छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलायी। वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी ने बताया कि व्यक्ति चाहे जिस स्थान या जिस पद पर हो वह देश की सेवा व सुरक्षा कर सकता है और यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा नाटक भी आयोजित की गई। मौके पर शिक्षक-शिक्षिका आशुतोष कुमार, पंकज खलखो,अनीमा इका, निशा सिंह, किरण कुमारी, शिवानी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## डीएवी बरियातू में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गयी। प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में कारगिल स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वर्ष 1999 में ऑपरेशन विजय को सफल बनाने में भारतीय सैनिकों के साहस और शौर्य का स्मरण कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए विजयोत्सव है लेकिन इसे हासिल करने में कई सैनिकों ने प्राण गंवाये। यह दिन हमें प्रेरणा देता है कि राष्ट्र की अस्मिता एवं इसकी संप्रभुता रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। हमें भी चाहिए कि अपने कर्तव्यों से देश को समृद्ध और सशक्त बनायें।

## संत जेवियर्स कॉलेज ने निकाला कैंडल मार्च



**रांची।** आईक्यूएसी के तहत बुधवार को 1/3 कंपनी सेंट जेवियर्स कॉलेज एनसीसी और एनएसएस ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कैंडल मार्च का आयोजन किया। मार्च में कुल 90 कैडेट और स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पीआई स्टाफ सूबेदार अमरजीत कुमार और हवलदार कृष्ण कुमार की मौजूदगी में कैंडल मार्च सेंट जेवियर्स कॉलेज मेन गेट से शुरू होकर डंगरा टोली चौक तक गया। बाद में शहीद चौक पर मोमबत्तियां भी जलाई गईं। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कैडेटों और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## कारगिल विजय दिवस पर किक्की सिंह सम्मानित



**रांची।** कारगिल विजय दिवस पर बुधवार को वेटर्न्स इंडिया संस्था द्वारा किक्की सिंह (स्वाति सिंह) सिंह को उनके लेखनी के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विधायक सरयू राय द्वारा प्रदान किया गया। किक्की सिंह के पिता पूर्व सैनिक हैं। उन्होंने कारगिल के युद्ध में अपना सार्थक योगदान दिया था।

## पड़हा समिति ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका



**रांची।** झारखंड क्षेत्रीय पड़हा समिति रांची नेतृत्व में हटिया, हेसाग,सुलंकी, गढ़हा टोली,लटमा, सरना टोली हटिया रेलवे कॉलोनी, कटहर कोचा, बिरसा चौक एवं हटिया के महिला समूहों ने मणिपुर में आदिवासी महिलाओं पर हुए अत्याचार, हिंसा और हैवानियत के खिलाफ बिरसा चौक में केन्द्र सरकार और मणिपुर सरकार के विरुद्ध नारा लगाते हुए मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने मांग करते हुए बुधवार को पुतला दहन किया गया। आक्रोश मार्च में मुख्य रूप से अजित उरांव, विपिन खलखो, कल्पना भगत सुफल टोप्पो, एरेन तिर्की,अनिता लिन्डा, निकोलस एक्का झरिया उरांव,करमा लिंडा,लाला कच्छप, दिनेश,मोगो विंहा, रजनी कच्छप,मदिया तिर्की, एरेन तिर्की उपस्थित थे।

# तेली समाज ने भाजपा नेताओं का पुतला फूंका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने बुधवार को विभिन्न जिला मुख्यालयों में भाजपा का पुतला दहन किया। महासंगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा है कि भाजपा माफी मांगे अन्यथा तेली समाज चरणबद्ध तरीके से भाजपा के खिलाफ विरोध कार्यक्रम करेगा। दरअसल, भाजपा की गुमला ईकाई के नेताओं ने तेली समाज के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया था। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कार्यसमिति कुंज बिहारी साहू ने किया।

मौके पर महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि हमारा तेली समाज भाजपा को 99 प्रतिशत वोट देता है और भाजपा भागीदारी देने के बजाय समाज को अपमानित करने का दुःसाहस कर रही है। यह कदापि बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू ने कहा कि भाजपा अब भी माफी नहीं मांगती है तो निकट भविष्य में तेली समाज भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करेगा। पुतला दहन कार्यक्रम में राम बिलास साहू,अजीत कुमार साहू, डा दानेश्वर साहू, पंकज साहू इत्यादि दर्जनों तेली साहू बंधुगण शामिल थे।

# घर के बाहर महिला से झपट ली सोने की चेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में स्नैचर्स एक बार फिर से सक्रिय हो गए हैं। बुधवार को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हेसाग में एक बुजुर्ग महिला से उचक्कों ने सोसायटी के गेट पर ही सोने की चेन की छिनतई कर ली। इससे पहले कार्रवाई करते हुए एक महीने के भीतर रांची पुलिस ने एक दर्जन के करीब स्नैचर्स को गिरफ्तार कर बहुत हद तक स्नैचिंग पर रोक लगाई थी लेकिन एक बार स्नैचर्स एक्टिव हो गए हैं।

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना :** स्नैचर्स की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी कैमरे में साफ नजर आ रहा है कि दो बाइक सवार अपराधी पूर्व मेकॉन कर्मी और उनकी पत्नी का लगातार पीछा कर रहे थे। दोनों बिना किसी भय के सोसायटी के अंदर जाने वाले थे कि बाइक सवार अपराधियों में से एक अपराधी तेजी के साथ महिला की तरफ पीछे से आया और गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गया।

# मांगें नहीं मानी गयीं तो ऑटो चालक जल्द करेंगे चक्का जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड ऑटो स्टैंड में बुधवार को रांची जिला ऑटो चालक यूनियन की एक आपात बैठक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव की अध्यक्षता में हुई। महासचिव सुनिल सिंह ने कहा कि उनकी पांच सूत्री मांगें हैं- क्विक रिएक्शन टीम के द्वारा एक तरफा कार्यवाही को यथाशीघ्र बंद किया जाए। सभी मार्गों पर सवारी उतारने एवं चढ़ाने का स्थान चिन्हित किया जाए। नागा बाबा खटाल की खाली जमीन को ऑटो पार्किंग के लिए दिया जाए, ताकि जाम की समस्या खत्म हो। सीएनजी ऑटो को यथाशीघ्र परमिट दिया जाए। नगर निगम के द्वारा ग्लोबल टेंडर की व्यवस्था की जाए।

महासचिव सुनिल सिंह ने कहा कि इन मांगों को लेकर दिनांक 01.08.23 को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन राजभवन के समक्ष किया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि प्रशासन हमारी मांगों पर विचार नहीं करता है तो ऑटो चालक चक्का जाम करेंगे। इस बैठक में शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे, पंकज सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, विनोद सिंह, योगेंद्र उपाध्याय, महफूज आलम, गोपाल सिंह सहित सैकड़ों ऑटो चालक मौजूद थे।

# खूंटी के मुरहू में पुल निर्माण स्थल पर उग्रवादियों ने जमकर मचाया उत्पात, छानबीन में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खूंटी।** खूंटी जिले के मुरहू में हथियारबंद पीएलएफआई उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाया। मुरहू थाना क्षेत्र के सुरूंदा और मारंगटोली स्थित पुल निर्माण स्थल पर तीन अज्ञात हथियारबंद नक्सलियों ने उत्पात मचाया। घटना मंगलवार देर रात की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात एक ही बाइक पर सवार तीन हथियार बंद नक्सली पुल निर्माण स्थल पर पहुंचे। पहले जेसीबी, बाइक और एक स्कूटी को क्षतिग्रस्त किया। जेसीबी चालक और एक अन्य मजदूर को हॉकी स्टीक से मारकर जख्मी कर दिया। इसके बाद एक नक्सली थैले से देसी कट्टा निकालकर उसमें गोली भरने लगा, तब जेसीबी चालक समेत सारे लोग भाग खड़े हुए।

हथियारबंद नक्सलियों द्वारा उत्पात मचाये जाने की सूचना मजदूरों ने ठेकेदार को दी। ठेकेदार ने एसपी अमन कुमार को इसकी सूचना दी। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर तत्काल डीएसपी अमित कुमार, मुरहू के थानेदार चुड़ामणि टुडू और एसआई दिगंबर पांडेय पुलिस बल सहित घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। मामले पर डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने नक्सली घटना से इंकार नहीं किया है लेकिन उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

पुलिस की जांच में पता चला है कि पुल निर्माण करा रहे ठेकेदार से एरिया कमांडर राडुंग बोदरा उर्फ लंबू ने लेवी की मांग की थी। लेवी की रकम देने में देर करने के कारण नक्सली लंबू ने देर रात उत्पात मचा कर दहशत फैला दी। हालांकि डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि पीएलएफआई हो या कोई अपराधी संगठन जल्द ही मामले का खुलासा होगा और दोषी गिरफ्तार किए जाएंगे।

### बनायेंगे आंदोलन की रणनीति, 10-11 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर करेंगे आगाज

# 9 अगस्त तक वेट एंड वाच के मूड में हैं झासा से जुड़े अधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की अध्यक्ष रंजीत हेम्ब्रम और महासचिल राहुल कुमार ने कहा कि सरकार से उनकी सकारात्मक बातचीत हुई है। उन्हें उम्मीद है सरकार उनकी 15 सूत्री मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी। राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने भी उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए विचार करने का आश्वासन दिया है। सीएम के आश्वासन के बाद झासा ने अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया है। अध्यक्ष ने बताया कि संघ 9 अगस्त तक वेट एंड वाच के मूड में है। इसके बाद आगे की रणनीति तय होगी। अगर सब ठीक रहा तो आंदोलन को विराम दिया जायेगा और बात नहीं बनी तो 10-11 को काला बिल्ला लगाकर आंदोलन का आगाज होगा। इसके बाद आगे की रणनीति बनेगी और आंदोलन होगा।

**क्या है संघ की 15 सूत्री मांगें :** झासा की 15 सूत्री मांगों में मुख्य रूप से झारखंड प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा घोषित करना, विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करना, प्रोन्नत पदाधिकारियों को नए पदों पर पदस्थापित करने के बजाए पदों को उत्क्रमित करने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाना, नवनियुक्त एवं पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे पदाधिकारियों का अविलंब पदस्थापन करना, चाइल्ड केयर लीव की सुविधा, चिकित्सा भत्ता के स्थान पर स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था लागू करना, झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के कार्यालय हेतु रांची में 3 एकड़ भूमि उपलब्ध कराया जाना, रेवेन्यू प्रोटेक्शन प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाना, एलटीसी की व्यवस्था करना,एमएसीपी का लाभ दिया जाना, सभी पदाधिकारियों के लिए कार्मिक विभाग से पहचान पत्र निर्गत किया जाना और उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सवैतनिक अवकाश की स्वीकृति प्रदान करना शामिल है।

## पेंशनधारकों को बैंक खाते के साथ आधार लिंक कराना अनिवार्य

**रांची।** जिन पेंशनधारकों ने बैंक खाते के साथ आधार नंबर लिंक नहीं किया है उनके लिए रांची जिला प्रशासन ने चेतावनी जारी की है। शहर अंचल अधिकारी के मुताबिक सामाजिक सुरक्षा, रांची की ओर से पेंशन धारकों के संबंध में पत्र जारी किया गया है। सभी वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन लाभुक का आधार संख्या और मोबाइल नंबर एन एस एपी-पोर्टल पर दर्ज किया जाना अनिवार्य है। इसके आलोक में बिना आधार के खाता में पेंशन पा रहे लाभुकों का आधार एवं मोबाइल संख्या दर्ज किया जा रहा है। इसके लिए अंचल कार्यालय में आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल संख्या जमा करना सुनिश्चित करें। इससे एनएसएपी पोर्टल की प्रक्रिया की जा सकेगी।

# सीयूजे नयी शिक्षा नीति लागू करने वाला झारखंड का पहला विश्वविद्यालय बना

## यूनिवर्सिटी आरंभ से ही शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध : कुलपति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड (सीयूजे) राज्य का पहला यूनिवर्सिटी बन गया है, जिसने अपने यहां नयी शिक्षा नीति को पूरी तरह से लागू कर दिया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने प्रेस क्लब में बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इससे संबंधित जानाकारी दी।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने नयी शिक्षा नीति 29 जुलाई 2020 को देशभर में लागू की थी। इसका उद्देश्य 21वीं सदी की ज्ञान अर्थव्यवस्था के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए देशभर में स्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी तक की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था में समग्र परिवर्तन लाना है।

उन्होंने कहा कि नयी नीति में भारतीय मूल्यों के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता, विचार एवं कौशल विकास पर विशेष बल दिया जाना है।




### मनाया गया कारगिल विजय दिवस, देश सेवा की सभी ने ली शपथ

**रांची।** सीयूजे के प्रशासनिक भवन में बुधवार को एनएसएस के द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इसके व्यवस्थापक डॉ सुभाष कुमार बैठा थे। इस मौके पर संरक्षक प्रो क्षिति भूषण दास (कुलपति सीयूजे) एवं मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल जेके सिंह (इंडियन आर्मी) आमंत्रित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ ऋषिकेश महतो ने भाषण देकर सबों का स्वागत किया। इसके बाद पौधे एवं शॉल से विश्वविद्यालय कुलपति एवं मुख्य अतिथि का सम्मान किया गया। कर्नल सिंह ने बच्चों एवं अन्य मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए 1999 में पाकिस्तान से हुए कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी दी। बताया कि आज के दौर में किसी भी क्षेत्र में विकसित होने के लिए युवा का योगदान कितना महत्त्वपूर्ण है। युवा आज हर क्षेत्र में सबसे आगे है और हम युवा की क्षमता को नजरअंदाज कर विश्वगुरु के सपने को साकार नहीं कर सकते। अंत में सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि जब कभी भी देश की सेवा करने का अवसर मिले, तो उसे पूरा जरूर करना। इसके बाद अतिथि डॉ अनिल कुमार (आइसीयू इंचार्ज रानी चाइल्ड हॉस्पिटल) ने जीवन को तनावमुक्त एवं शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग और ध्यान कितना महत्वपूर्ण है, इसकी जानकारी दी । कार्यक्रम में बच्चों ने भी भाषण दिये एवं कविताएं सुनायीं। डॉ प्रवीण कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर डॉ प्रज्ञा शुक्ला, डॉ रामकिशोर सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

प्रो दास ने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी आरंभ से ही शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध रहा है। नयी शिक्षा नीति के अनुरूप सभी विभागों में पाठ्यक्रम, मूल्यांकन विधि और पढ़ाई के तरीकों में ध्यानपूर्वक संशोधन किये गये हैं। पाठ्यक्रमों को बहुविषयक और लचीला बनाया गया है। साथ ही, पाठ्यक्रमों में व्यावहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों पर अधिक बल दिया गया है।

उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति को प्रभावी तरीके से लागू करने को आंतरिक गुणवत्ता सेल ने पिछले दो सालों के दौरान यूनिवर्सिटी में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, विषय गोष्ठियों और वेबिनारों का आयोजन किया। इसके जरिये शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीक से परिचित कराया गया। इससे यूनिवर्सिटी में शिक्षण की गुणवत्ता बेहतर हुई है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा, यूनिवर्सिटी में आधुनिकतम तकनीक से लैस स्मार्ट क्लासरूम, बेहतर फर्नीचर और लैब भी उपलब्ध कराये गये हैं।

# सेंट्रल मुहर्रम कमिटी ने जारी की सभी अखाड़ाधारियों के लिए गाइडलाइन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के सरपरस्त मो. सईद की सरपरस्ती में सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची ने धवताल अखाड़ा, इमामबख्श अखाड़ा सहित सभी अखाड़ा के अधीन निकाले जाने वाले मुहर्रम के जुलूस को एतिहासिक बनाने के लिए गाइडलाइन जारी की है।

एक बयान जारी कर सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो. इसलाम एवं उपाध्यक्ष आफताब आलम ने संयुक्त रुप से बताया कि सभी अखाड़ा धारियों को गाईड लाईन के माध्यम से यह निर्देश जारी किया गया है कि प्रमुख खलीफओं की उपस्थिति में लिए गए निर्णय के अनुसार सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी रांची द्वारा मुहर्रम के जुलूस निकालने एवं समापन से सम्बन्धित समय का हर हाल में सभी अखाड़ा धारियों द्वारा पालन किया जाना अनिवार्य होगा। जुलूस में किसी भी प्रकार का नशा करने वाले नशेड़ियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना अनिवार्य होगा। सभी अखाड़ा धारी अपने निर्धारित मार्ग से ही निकलकर वापसी भी अपने निर्धारित मार्ग से ही करेंगे। आग, मरकरी, कांच का खेल नहीं

### जुलूस के समय की पाबंदी एवं नशेड़ियों पर अंकुश लगाने पर फोकस

करेंगे साथ ही साथ ऐसा कोई खेल नहीं दिखाएंगे जिस से खुद के साथ साथ दर्शकों को या जुलूस में शामिल अन्य व्यक्तियों को नुकसान हो। प्रत्येक अखाड़ा धारी फर्स्ट एड की व्यवस्था रखेंगे। प्रत्येक अखाड़ा धारी अपने अपने अखाड़े में एवं अपने मुहल्ले में रस्मे पगड़ी एवं अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आपसी सौहार्द के साथ शांति पूर्वक सम्पन्न करेंगे एवं उसकी विधिवत सूचना कार्यक्रम के पूर्व अपने प्रमुख खलीफा को दिया जाना आवश्यक होगा।

मुहर्रम के जुलूस में किसी व्यक्ति विशेष पर आधारित या किसी समुदाय विशेष पर आधारित या एसी झांकी जिस से किसी के सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक या धार्मिक आस्था पर ठेंस पहुँचती है, वैसी झांकी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इतिहास से सम्बन्धित देश हित में एवं समाज हित से सम्बन्धित निकाले जाने वाले झांकी की ही मान्यता होगी। प्रत्येक अखाड़ा धारी अच्छे ढंग से जुलूस का संचालन हेतु अपने अखाड़ा के सुलझे हुए 10 व्यक्तियों के नाम उनके मोबाईल नम्बर के साथ अपने प्रमुख खलीफा को देंगे ताकि उनके सहयोग से प्रत्येक अखाड़ा में निगरानी समिति बनाकर जुलूस का सही ढंग से संचालन किया जा सके। अफवाहों पर ध्यान न देते हुए छोटी मोटी घटना का तुरंत अपने स्तर से समाधान की कोशिश प्रत्येक अखाड़ा धारी करेंगे एवं किसी कारणवश समाधान नहीं हो पाता है तो तुरंत उसकी सूचना अपने प्रमुख खलीफा, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के पदाधिकारियों तथा स्थानीय थाना को सूचित करना अनिवार्य होगा ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके।

सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची द्वारा मुहर्रम के जुलूस निकालने से लेकर जुलूस के समापन तक तथा सभी कार्यक्रम आयोजित करने हेतु दिए गए दिशा- निर्देश ( गाईड लाईन) का पालन करना मुहर्रम के जुलूस में शामिल सभी अखाड़ा धारियों एवं पदाधिकारियों के लिए अनिवार्य होगा। उपरोक्त गाईड लाईन का पालन नहीं करने वालों पर सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी रांची आवश्यक कार्यवाही करने पर बाध्य होगी।

# वित्त सचिव और प्राथमिक शिक्षा निदेशक से मिला संघ, कई मुद्दों पर हुई वार्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधमंडल बुधवार को वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा से मिला। दोनों से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही छट्ठे पुनरीक्षित वेतनमान में जनवरी 2006 से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों के लिए मूल कोटि ग्रेड पे 4200 के वेतन पुनरीक्षण में आरंभिक वेतन विसंगति निराकरण पर चर्चा की। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि वार्ता के क्रम में विषय से संबंधित कई तकनीकी और अन्य पक्षों पर वार्ता हुई। वार्ता के क्रम में सचिव ने संघ को दो सप्ताह बाद पुनः मिलने को कहा और उन्होंने कहा कि अभी विषय से संबंधित कार्यों के समीक्षा



की कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, प्राथमिक शिक्षा निदेशक से मिलकर शिक्षक प्रोन्नति को गति देने की मांग की। कहा कि जिलों में वरीयता सूची प्रकाशन से पूर्व कॉमर्स स्नातक योग्यता धारी शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान विषय के तहत प्रोन्नति के लिए मान्य करने का पत्र निर्गत करने के विषय पर निदेशक ने तत्काल अपने संबंधित सहायक को बुलाकर निर्देशित किया कि आज ही इसकी संचिका उपस्थापित करें ताकि इसे निर्गत करने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जा सके। इस दौरान संघ ने जिलों में प्रोन्नति कार्य के निष्पादन के लिए समय सीमा निर्धारित करने की मांग की। निदेशक ने इस पर विचार करने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि सभी जिलों में वरीयता सूची का प्रकाशन कराना पहली प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल में अनूप केशरी, राम मूर्ति ठाकुर, नसीम अहमद, संतोष कुमार, अजय कुमार सिंह, सलीम सहाय तिग्गा, सुधीर दुबे, अजय ज्ञानी और जय किशोर सिंह शामिल थे।

# झारखंड पुलिस की महिला बैंड ने अबतक नौ जोड़ियों को मिलाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस की महिला बैंड पार्टी अब शादी-विवाह, मुंडन, उपनयन या खुशी के अन्य मौकों पर भी बुकिंग के लिए अब उपलब्ध होगी। इसके लिए झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप)- 10 की ओर से बकायदा इश्तेहार जारी किए गया है। हालांकि, यह बैंड स्कूली बच्चियों के लिए, सरकारी कार्यक्रमों के लिए मुफ्त है। एक आवेदन देने पर उन्हें बैंड प्रोवाइड करा दिया जाता है। जैप 10 के कमांडेंट धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला बैंड ने अबतक नौ जोड़ियों की शादी में बैंड धुन दिया है। इस बैंड की सब जगह तारीफ हो रही है।

इस बैंड पार्टी ने इसी महीने आईटीबीपी की ओर से हरियाणा के पंचकुला में आयोजित 23वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ महिला बैंड



पार्टी का खिताब जीता है।

बताया गया है कि महिला पुलिस बैंड की पूरी पार्टी को बुक करने के एवज में 20 हजार रुपए की फीस चुकानी होगी। हाफ बैंड पार्टी को 10 हजार रुपए में बुक किया जा सकेगा। महिला बैंड पार्टी की बुकिंग अधिकतम दो घंटे के लिए ही का जा सकेगी।

जैप के कमांडेंट द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक बैंड पार्टी की फीस के अलावा उनकी ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी बुकिंग करने वालों को चुकाना होगा। इसके लिए रांची जिले के भीतर ट्रांसपोर्टिंग शुल्क नौ सौ रुपए तय किया गया है, जबकि रांची जिले के बाहर की बुकिंग पर प्रति किलोमीटर 16 रुपए के हिसाब से ट्रांसपोर्टिंग चार्ज लिया जाएगा।

इश्तेहार में साफ किया गया है कि बैंड की बुकिंग रात 10 बजे के बाद के लिए नहीं होगी। बुकिंग के लिए कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर- 06512270005 और या फिर जैप की मेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में संवाद फेलोशिप कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज में बुधवार को टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से संवाद फेलोशिप 2023 प्रारंभ करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य था कि आदिवासी संस्कृति जो विलुप्ति के कगार में है उसका संरक्षण कैसे हो। आयोजन काफी रोचक, जानकारी से परिपूर्ण और आदिवासी जनजातियों की कलाकृति और भाषा को विलुप्त होने से बचाने पर आधारित था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से डॉ महादेव टप्पो (टाटा ट्राइबल हेड इडेंटिटि), जेरेन टोपनो (हेड ट्राइबल ईडेंटिटी एंड अर्बन सर्विसेज) डॉ मीनाक्षी मुंडा, शालिनी कुजूर, प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा, कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल फादर अजय अरुण मिंज, रेक्टर फादर अलेक्स एक्का आदि मौजूद थे।

# आइएलसीसी में इंटर स्कूल इंग्लिश गद्य-पद्य वाचन प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दि इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर में कक्षा तीसरी से 5वीं के लिए इंटर स्कूल इंग्लिश गद्य-पद्य वाचन (रेसिटेशन) प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें हरेक स्कूलों को एक-एक प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसमें उभरते सार्वजनिक वक्ताओं ने आत्मविश्वास और उत्साहपूर्वक अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। उनका चयन रवीन्द्रनाथ टैगोर और लॉर्ड अल्फ्रेड टेनीसन के क्लासिक्स से लेकर एडगर अल्बर्ट गेस्ट और रोनाल्ड डाहल जैसे समकालीन कवियों तक था। चार्ज ऑफ द लाइट ब्रिगेड, इनटू दैट हेवन ऑफ फ्रीडम... गीतांजलि, डोंट गिव अप, द डेंटिस्ट एंड द क्रोकोडाइल, वोकेशन, इक्विपमेंट आदि लोकप्रिय कविताएं सुनाई गईं। योग पर एक गद्य कृति भी प्रस्तुत की गई। जज के रूप में प्रकृति जेरथ और नीति मेहंदीरत्ता थे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन आईएलसीसी की सांस्कृतिक सचिव रेखा मिश्रा एवं लाइब्रेरियन निवेदिता शर्मा ने किया।

# मदरसा बरकातीया एनामूर रब का रखा गया संगे बुनियाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मदरसा बरकातीया एनामुर रब की बुनियाद बुधवार को मुहर्रम की 7वीं तारीख को बोकारो के नवाडीह में रखी गयी। खानकाह मजहरिया मुनअमिया फिरदौस नगर डोरंडा के सज्जादा नशी व ईमामो खतीब जामा मस्जिद जैप 1 डोरंडा हजरत मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी साहब ने अपने वालिद व पीरे तरीकत हजरत सैय्यद शाह मौलाना एनामुर रब अख्तर कादरी अबुलओलाई के नाम पर मदरसा की बुनियाद रखी।

कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत से की गयी। उसके बाद फतीहाखानी और सलातो सलाम पेश कर संगे बुनियाद रखा गया। मौके पर सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी साहब ने बताया कि मदरसा बरकातीया एनामुर रब में बच्चों को दीनी तालीम के साथ ही दुनियावी तालीम भी दी जायेगी। मदरसा में बच्चो के रहने के लिए हॉस्टल भी बनाया जायेगा।

# नगर विकास सचिव से मिले जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष

**रांची।** नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे से झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने बुधवार को उनके कार्यालय में मुलाकात की और कुरैशी समाज की लंबित मामलों पर बैठक कर चर्चा की। झारखंड प्रदेश के जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने सचिव विनय कुमार चौबे को मांगपत्र सौंपते हुए बताया कि झारखंड में काड़ा, भैंस के लिए वधशाला निर्माण एवं लाइसेंस निर्गत कराने की संवैधानिक मांग पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और बाद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी मांग पत्र सौंपा गया है। नगर विकास सचिव ने कहा कि इस मामले में बैठक कर चर्चा करेंगे।

# सरला बिरला स्कूल में मना कारगिल दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। छात्रों ने युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया। उन्होंने युद्ध के मोर्चे पर ऑपरेशन विजय के बहादुर सैनिकों की वीरता को नमन करते हुए उनकी याद में देशभक्ति की कविताएं पढ़ीं तथा देशभक्ति से संबंधित स्लोगन लिख कर राष्ट्र और राष्ट्र के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने ऐसी सभाओं के संचालन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को इन बहादुर नायकों के नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उन्हें सिद्धांतों और मूल्यों के साथ जीवन जीने के लिए भी प्रेरित किया।

# जिला स्तरीय प्री सुब्रतो कप फुटबॉल में कांके, रातू और बुंडू बने विजेता

**खेल संवाददाता**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में जिला स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई। सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस बालिका बरियातू, राची में अंडर 17 बालिका वर्ग के फाइनल मैच में अपग्रेड हाई स्कूल कुमहरिया, कांके ने केजीबीवी चन्हो की टीम को 5-0 हारते हुए विजेता बनी। प्रतियोगिता का दूसरा फाइनल अंडर-14 बालक वर्ग का संत जॉन्स फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया, जहां बीसी विद्यालय मखमंड्रो, रातू की टीम प्रकाश उच्च विद्यालय हुलहुंडू, नामकुम को ट्रायब्रेकर में 3-2 से हारते हुए विजेता बनी। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में रमेश सिंह मुंडा +2 उच्च विद्यालय बुंडू ने संत जेवियर मांडर को 3-1 से हराते हुए विजेता बनी। विजेता टीमों को ट्रॉफी मुख्य अतिथि धीरसेन सोरेंग, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची ने प्रदान किया।

# जेवीएम, फिरायालाल और बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल विजयी

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय कैरम प्रतियोगिता संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में जिला कैरम एसोसिएशन और कैरम एकेडेमी रांची के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय अंतर विद्यालय कैरम प्रतियोगिता में अंडर-18 बालक वर्ग में जेवीएम श्यामली के समीप कुमार और बालिका वर्ग में फिरायालाल पब्लिक स्कूल की अंशिका शर्मा विजयी रहीं। जबकि, अंडर-14 बालक वर्ग में जेवीएम श्यामली के आयुष कुमार और बालिका वर्ग में बिशप वेस्टकॉट की कैथरीन टोप्पो विजेता रहीं।

चैंपियनशिप कमिटी की अध्यक्ष




एवं कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ नीता पांडेय तथा जिला कैरम एसोसिएशन के सचिव अशोक कुमार डे ने प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में अंडर 14 एवं अंडर 18 बालक व बालिका वर्ग में जिले के 8 विद्यालयों के 120 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्या सह चैंपियनशिप कमिटी की अध्यक्ष डॉ नीता पांडेय ने कहा कि आउटडोर गेम्स से जहां बच्चों की शारीरिक क्षमता का विकास होता है, वहीं कैरम, चेस जैसे इनडोर गेम्स से उनका मानसिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए उन्होंने जिला कैरम एसोसिएशन और कैरम एकेडमी की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के खेल प्रशिक्षक निरंजन शर्मा, देवेंदु सिन्हा, शशांक सिंह एवं आकृति कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रमों का संयोजन एक्टिविट कोऑर्डिनेटर आशा राज ने किया।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्ट रांची पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्ट, राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार कल रांची पहुंचे। उन्होंने कहा कि नयी सोच और उत्साह के साथ प्रांत की सभी शाखाएं सक्रिय हैं।

इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष युवा अरुण गुप्ता ने बताया कि लगभग 4 महीने में झारखंड ने कई नई शुरुआत की है। राष्ट्र द्वारा दिए गए सभी लक्ष्यों को झारखंड प्रांत ने शानदार तरीके से पूरा किया है। उन्होंने संगठन, अपनी सभ्यता, संस्कृति, आपसी समन्वय, सदस्यों को मंच में जोड़ने एवं उन्हें



प्रोत्साहित करने के बारे में जानकारी साझा की। इसे पूर्व एयरपोर्ट पर सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विनीता सिंघानिया, विशाल पाडिया, गोविंद मेवाड़, नेहा पटवारी, वरुण जालान, मीना टाई वाला, विकास अग्रवाल, पिंकेश खंडेलवाल समेत मंडल के युवा साथी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा कैंट मंडल ने किया पौधरोपण



रामगढ़। भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल के बूथ संख्या 48 के अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा के विशेष प्रदेश कार्य समिति सदस्य मणिशंकर ठाकुर ने बुधवार को दीपनगर में नवनिर्मित शिव मंदिर के आसपास में समिति के सदस्यों के साथ किया। उन्होंने तुलसी, पीपल, आंवला, कटहल, जामुन और शरीफा का पौधा लगाया। कार्यक्रम में समाजसेवी दिलीप साह, रामाशीष शर्मा, अजय कुमार, नागेश्वर कुमार, रामानंद करमाली और अरविंद कुमार शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**रामगढ़।** रांची-पटना फोरलेन पर मंगलवार रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। रामगढ़पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि घायल युवक का इलाज चल रहा है। रांची -पटना फोरलेन पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के पटेल चौक के आगे बाइक पर जा रहे दो युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना में शहर के पतरातू बस्ती निवासी 20 वर्षीय युवक रोहित शर्मा की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि विकास कुमार साव गंभीर रूप से घायल हो गया।

### कुजू में मना विजय दिवस



**रजरप्पा।** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ इकाई के द्वारा भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक कारगिल विजय दिवस मना। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संज्ञा ने शहीदों के नाम दीप प्रज्वलित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। डॉ. संज्ञा ने छात्रों को देश की सेवा करने की प्रेरणा दी। कारगिल विजय दिवस हम सभी देशवासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। मौके पर महाविद्यालय के प्रो. मनोज झा, प्रो.ज्योति , प्रो. जूही उपाध्याय. प्रो अंजू , अंजनी करमाली, प्रो. रेवालाल पटेल, शबाना अंजुम, प्रो. मीना मुंडा, प्रो. दीपक कुमार, इब्राहिम, जफरुल हसन खान, रवि कुमार, सोनू कुमार, कुसुम कुमारी, पिंटू कुमार, आसिया आफरीन, राजेश तिवारी, राहुल कुमार, पूनम, प्रकाश सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित थीं।

### शांतिपूर्वक मनायें मुहर्रम : एसडीओ

**रजरप्पा।** मुहर्रम को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ मो. जावेद हुसैन व संचालन बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह ने किया। एसडीओ ने सभी से भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की बात कही। बैठक में मौजूद लोगों से बेहतर माहौल में मोहर्रम का त्यौहार मनाने को लेकर अधिकारियों ने सभी लोगों का सहयोग मांगा। साथ ही समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पुलिस को शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का भरोसा दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगी।

### मुहर्रम को ले शांति समिति की बैठक

**मांडू ।** मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता मांडू अंचल निरीक्षक सुरेश प्रकाश वर्णवाल एवं संचालन मांडू सर्किल इंस्पेक्टर रविंद्र प्रसाद सिंह ने की । जबकि बैठक में मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार, मांडू थाना के संतोष कुमार गुप्ता ,अनिल कुमार हेंब्रम, दिलीप कुमार पासवान, सुरेंद्र हेंब्रम सहित थाना के कर्मी मौजूद थे। बैठक में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील किया कि मोहर्रम पर्व गम का त्यौहार है । इसे शांति व आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं। बैठक में पूर्व प्रमुख छोटे लाल साहू, अमरेंद्र गुप्ता, मुखिया अनीता देवी, बैजनाथ राम, छोटेलाल भुइया, मनोहर गुप्ता, कृष्णा साव, पंकज कुमार गुप्ता, मोहम्मद शाहिद, रविंद्र कुमार, राजू सिंह, मोहम्मद मुमताज, मोहम्मद सदीक, साबिर कुरेशी, पंकज कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

### लाडली योजना : पांच छात्राएं चयनित

**कुजू।** पब्लिक हाई स्कूल कुजू की दसवीं पास पांच सोनल केसरी, निशा कुमारी, प्रीति कुमारी, दीपिका कुमारी व रानी कुमारी का चयन सीसीएल के लाल-लाडली योजना में हुआ। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की दसवीं पास पांच मेधावी छात्राएं अपनी उत्कृष्ट अंकों के साथ चयनित हुई है। सभी छात्राएं 11वीं व 12वीं की पढ़ाई डीएवी गांधीनगर रांची करेगी। जहां उनको सीसीएल द्वारा निःशुल्क रहने व भोजन की व्यवस्था सहित उत्कृष्ट कोटि का आईआईटी की कोचिंग कराया जायेगा। इधर विद्यालय प्रधानाध्यापक रविंद्र प्रसाद, शिक्षिका गीतांजलि कुमारी, मनीषा धवन, मयार्नी सोरेन, वीना कुमारी, अर्चना कुमारी, शेलेंद्र कुमार, अनिमेष महतो समेत विद्यालय परिवार ने सभी चयनित छात्राओं को सम्मानित किया।

### पहले बसाओ, फिर उजाड़ो : चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 33 सूत्री मांगो को लेकर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी ने बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय परिसर के समक्षएक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रदेव राम संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने किया। यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जो भी नई परियोजनाएं खुल रही है उसमें रहने वाले लोगों को पहले बसाया जाए उसके बाद ही वहां से हटाने की बात की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रहने वाले सभी बेरोजगार एवं विस्थापित लोग को रोजगार दिया जाए। केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा की कोल कर्मचारियों को समय पर प्रमोशन एवं रेगुलराइजेशन किया जाए एवं ठेका मजदूरों को हाई पावर कमिटी के तहत उनका मजदूरी दी जाए। उन्होंने कहा कि बरका-सयाल परियोजनाओं में सेफ्टी के साथ उत्खनन किया जाए। साथ ही सयाल परियोजना एवं भुरकुंडा परियोजना में जल्दी से रोड से चालू किया जाए। सभा को रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, गुरुदयाल ठाकुर, विकास कांत सिन्हा, एसएस डे, रणधीर साव, कमल सिंह, विनोद कुमार सिंह, शिवनंदन दास, विनोद कुमार, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र मिश्रा, शंकर सिंह, राधिका सिंह, अजीत सिन्हा, शंकर कुमार, गुन्नू ओझा, मनोज, अनिल राम, मो. असलम, मनोज करमाली, रोबिन मुखर्जी आदि ने भी संबोधित किया।

# पदमा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने आशीष, पुरुषोत्तम सचिव

**खबर मंत्र संवाददाता।**



▶▶ प्रेस क्लब हजारीबाग की निगरानी में हुआ चुनाव

**पदमा।** प्रेस क्लब हजारीबाग के तत्वावधान में प्रखंड इकाई पदमा का चुनाव 26 जुलाई को एनएच 33 स्थित होटल सुबोध इन के सभागार में संपन्न हो गया। मौके पर पदमा बीडीओ मनीष कुमार और पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह मौजूद थे। प्रेस क्लब पदमा के अध्यक्ष पद पर आशीष कुमार यादव ने कब्जा जमाया। वहीं सचिव पुरुषोत्तम पांडेय चुने गए। अंशु अनमोल कुमार मेहता उपाध्यक्ष, सजल पाठक उपसचिव, निशांत सिंह कोषाध्यक्ष और अजीत शर्मा केन्द्रीय सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रकाश मेहता, परमानंद राणा और शिशुपाल राणा निर्वाचित हुए। सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में राजू पासवान और गौतम मेहता उपस्थित थे। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रेस क्लब हजारीबाग से अजय कुमार निराला और अमूल्यचंद्र पांडेय मौजूद थे। मौके पर निर्वाचित पदाधिकारियों को सर्टीफिकेट प्रदान किया गया।नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने पत्रकारों के प्रति आभार जताया है। इधर प्रेस क्लब पदमा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप व सचिव मिथिलेश मिश्रा ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव से संगठन मजबूत हो रहा है।मौके पर चौपारण प्रेस क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा के साथ कई लोग उपस्थित थे।

### पत्रकार के हित में लगातार बढ़ रहे हैं कदम : अभय सिंह

प्रेस क्लब हजारीबाग के जिला उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रखंड इकाई का मजबूत होना जरूरी है। इस दिशा में जिला इकाई लगातार प्रयासरत रहा है। खबर संकलन में आंचलिक पत्रकारों की भूमिका अहम होती है। इसी कड़ी में पत्रकारों के हित में हमारे कदम लगातार बढ़ रहें हैं।

## विजय दिवस पर विधायक अंबा प्रसाद ने शहीदों को किया नमन, कहा

# सैनिकों की बदौलत ही सरहदें और हम सुरक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भदानीनगर (रामगढ़)।** कारगिल युद्ध के 24वें विजय दिवस के अवसर पर कोल कंपनी भुरकुंडा निवासी कारगिलियन सूबेदार एचएन यादव के आवास पर बुधवार को वीर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित की गई। विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि देश के वीर जवानों की बदौलत ही हमारी सरहदें व हम सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात जवान अपना सबकुछ छोड़ देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान तक गवां बैठते हैं। इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। वहीं आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जवान ही हमारे देश के असली रक्षक हैं, जो अपने घरों से हजारो किलोमीटर दूर सरहद पर हर दुःख सहते हुए देश की रक्षा में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि सैनिकों के मुस्तैदी के कारण ही देशवासी अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं। वहीं आरएसएस के संस्थापक सदस्य सिद्धनाथ सिंह, समाजसेवी गिरधारी गोप व आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि सैनिकों का सम्मान करना गौरव की बात है। सरकार इनका हौसला आफजाई करते रहे ताकि देश की रक्षा में सैनिक जुटे रहें। ज्ञात हो कि मई 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठी सैनिकों ने कारगिल की 18 हजार फीट उंची चोटियों पर कब्जा जमा लिया था। अपने देश की सीमा को सुरक्षित रखने के लिए सेना के जवानों ने करीब दो माह चले युद्ध में दुश्मनों को खदेड़ दिया। जिसके बाद से 26 जुलाई को प्रत्येक वर्ष कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। भदानीनगर कोल कंपनी निवासी सुबेदार एचएन यादव ने मस्को घाटी से लेकर तोलोलिंग की पहाड़ियों में चले अपरेशन में अहम भूमिका निभाते हुए दुश्मनों को अपने युद्ध कौशल, जोश और हुनर का लोहा भी मनवाया था। वहीं शहीदों के याद में मोबीन मुखर्जी की टीम ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, आरएसएस के सिद्धनाथ सिंह, गिरधारी गोप, सिद्धांत यादव, प्रशांत यादव, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, संजय यादव, रमेश यादव, रबिन मुखर्जी, सुरेन्द्र यादव, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, अंजू देवी, राजेंद्र महतो, विजयंत कुमार, सहित दर्जनों सहित सैकेड़ो लोग शामिल थे।

### सड़क के लिए आंदोलन ही एकमात्र रास्ता : रोशनलाल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने बुधवार को मतकमा चौक से ओरमांझी तक की जर्जर सड़क का निरीक्षण किया। दर्जनों ग्रामीणों ने रोशन लाल चौधरी को जन समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि मतकमा चौक से ओरमांझी तक की जर्जर सड़क का निर्माण कार्य रुका हुआ है जो अति दुर्भाग्यपूर्ण है। यह जांच का विषय है की ठेकेदार के द्वारा कार्य क्यू नहीं किया जा रहा। स्थानीय ग्रामीण, विद्यार्थी, महिलाओं सभी का घर से निकलना बंद हो गया है। ग्रामीण अपने घर में हीं बंधक की तरह रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम की सरकार में एक तो विकास कार्य नहीं हो रहा और अगर किसी तरह लोग आंदोलन कर विकास कार्य को अपने ग्राम में ला रहे हैं तो उसका कार्य बाधित हो रहा। क्षेत्र की जनता प्रदूषण का भी दंश झेल रही है। इन सभी मुद्दों को आजसू पार्टी प्रमुखता से उठाएगी। जनहित के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जायेगा। रोशनलाल चौधरी कहा की इन्हीं सब अव्यवस्था के विरोध में आगमी 4 अगस्त को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें तमाम ग्रामीणों शामिल हों। उन्होंने कहा कि मतकमा चौक से बनने वाले सड़क के निर्माण कार्य के लिए स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जोरदार तरीके से आंदोलन होगा। विकास हीं आजसू पार्टी की पहचान है।

## हाईमास्ट लाइट का विधायक अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन

**खबरमन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद के विधायक निधि से क्षेत्रवासियों की सुरक्षा व सुविधा की दृष्टिकोण से विगत दिनों प्रखंड बडकागांव, पंचायत महुगांई कला के ग्राम अम्बाजीत में दुर्गा मंदिर के पास हाई मास्ट लाईट को स्थापित कराया गया था जिसका दिन बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणो की उपस्थिति में उद्घाटन कर ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया।

ग्राम अंबाजीत पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य तरीके से विधायक अंबा प्रसाद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं हाई मास्ट लाइट लगवाने पर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि वे विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर है, क्षेत्र के लोगों की मांग पर उन्होंने निरंतर कई कार्य कराएं हैं करोड़ों की योजनाएं पंचायत में चल रही है, गांव में हाई मास्ट लाइट लगने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पंचायत अध्यक्ष श्याम कुमार भार्गव,उपमुखिया सुबोध कुमार सिंह, वार्ड सदस्य दीपक कुमार सिंह, यमुना साव, रामकिशोर शुक्ला, कृष्ण कुमार भार्गव,राजकुमार सिंह, उज्जवल कुमार, अमन पाठक, प्रदुम साहू, त्रिलोकी साव,करीम साव, दामोदर साव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, संजय सिंह समेत कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

### एसएससी कोचिंग सेंटर में टेस्ट सीरीज आयोजित




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित श्योर सलेक्शन कोचिंग में आगामी प्रतियोगी परीक्षा को देखते हुए बुधवार को बैंक, एसएससी, रेलवे, जेएसएससी, जेटेट से संबंधित टेस्ट सीरीज हुआ। टेस्ट सीरीज में निशा, प्रीति, रेखा, सुनीता, सीमा, अंजली, रूबी, प्रीति, सीता, रितिक, रितेश, राज, खुशवंत, संदीप, विकास, सोफन, सुमन, शुभम सहित करीब 30 छात्रों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि जेएसएससी, उत्पाद सिपाही, बैंक, रेलवे तथा जेटेट से संबंधित सभी तरह का मैट्रियल उपलब्ध कराया जा रहा है। जल्द ही इसका टेस्ट सीरीज का आयोजन भी होगा। उन्होंने कहा कि वैसे छात्र जो टेस्ट सीरीज में बैठना चाहते हैं एक दिन पूर्व रजिस्ट्रेशन कराकर टेस्ट में भाग ले सकते हैं। टेस्ट के उपरांत उस टेस्ट का सोलुशन भी कराया जाएगा ताकि प्रतियोगी छात्रों को अपनी गलती का पता चल सके और उसे सुधार करके प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल कर सकें।

### जुबिली कॉलेज में मना विजय दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश के तहत भारत सरकार तथा खेल मंत्रालय एवं विभावि हजारीबाग के निर्देशानुसार बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी सहित कॉलेज के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर की। इसके बाद कारगिल के महानायकों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की गई। प्रो.अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस, मातृ भूमि के प्रति उनके प्रेम व बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने कहा कि 1999 में जम्मू काश्मीर के कारगिल पहाड़ियों पर 60 दिनो तक चले युद्ध में सैनिकों ने अपने सौर्य, पराक्रम एवं वीरता से पाकिस्तान को परास्त कर 26 जुलाई को कारगिल पर विजय पताका फहराया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में केशव खंड का लोकार्पण

**खबरमन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में नवीन भवन केशव खंड का लोकार्पण व पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ ' नवीन भवन केशव खंड का लोकार्पण ख्यालीराम, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, उत्तर-पूर्व क्षेत्र, विद्या भारती के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन, माता सरस्वती वंदना, पूजन एवं हवन के साथ आरंभ हुआ। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान अंग वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर किया गया।

पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए ख्यालीराम ने कहा कि आप सभी पूर्व-छात्र इस विद्यालय के गौरव हैं। आपको इस विद्यालय ने संस्कार के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी। जिससे आज आप इस मुकाम पर हैं। आप सभी देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखे ,इस भाव के साथ देश सेवा का संकल्प लें 'आप जहां रहे वही से सेवा कार्य करें' आप विद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ कम से कम वर्ष में चार बार परिचयात्मक बैठक का हिस्सा अवश्य बने' विद्यालय से हमेशा इसी प्रकार जुड़े रहे ऐसी हमारी आकांक्षा है।

मौके पर कार्यक्रम की प्रस्तावना बताते हुए अजय कुमार तिवारी, प्रदेश सचिव विद्या विकास समिति ,झारखंड ने कहा- आप सभी पूर्व छात्रों से भारत पूरे विश्व में सिरमौर बनेगा' आप सभी को जो ज्ञान विद्यालय में दिया है। उसे समाज में फैला कर आप सभी देश हित का कार्य करें। आप समर्पित भाव के साथ देश सेवा का संकल्प लें । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि , संतोष गुप्ता, पूर्व छात्र व जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग ने कहा कि यह विद्यालय संस्कार के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अनुशासन के साथ बच्चों को दे रहा है' यह बड़ा ही पुनीत कार्य है' कार्यक्रम में बहनों के द्वारा भजन, शिव तांडव नृत्य, हमारा लक्ष्य ,व्यक्तिगत गीत ,नृत्य नाटिका, नृत्य एवं समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई।

### सभी पूर्व छात्र इस विद्यालय के गौरव हैं : ख्यालीराम

## एक नजर में

### एसपी अमित सिंह को झामुमो ने किया सम्मानित



**बड़कागांव।** बड़कागांव के पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह को एसपी रैंक में पदोन्नति मिलने पर बड़कागांव झामुमो प्रखंड प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा के नेतृत्व में प्रखंड कमेटी के अधिकारियों द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। राणा ने कहा कि क्षेत्र के लिए बहुत हर्ष की बात है कि बड़कागांव में रहते हुए एसडीपीओ अमित कुमार सिंह को पदोन्नति मिली है। श्री सिंह सुशील एवं सुलझे हुए अधिकारी हैं। इन्होंने अपनी सूझ-बुझ के साथ अपनी कार्यकाल बड़कागांव में निभाने का काम कर रहे हैं। मौके पर पूर्व केंद्रीय सदस्य झम्मन प्रसाद, प्रखंड सचिव सह 20 सूत्री सदस्य बासुदेव यादव, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां 20 सूत्री सदस्य पवन तुरी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी, पूर्व प्रखंड सचिव नंद किशोर भुइयां, पूर्व कोषाध्यक्ष संजय भुइयां बादम पंचायत अध्यक्ष अशोक गुप्ता, चोपदार बलिया पंचायत अध्यक्ष विनोद यादव, युवा नेता जानिसार आलम आदि उपस्थित थे।

### दारू में कर्बला का रास्ता विवाद सुलझा

**दारू।** पिपचो में एनएच 522 से कर्बला जाने तक का रास्ता का विवाद वर्षों से चल रहा है । इस विवाद का समाधान करने के लिए अधिकारियों और ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में भी कई प्रयास किए गए थे पर कोई संतोषजनक समाधान नहीं हो पाया था। इसी बात को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह कर्बला स्थान पहुंचे जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम और हिंदू धर्म से जुड़े लोग मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि थाना का भवन बनाने बनने से पूर्व एनएच 522 से सीधा रास्ता कर्बला तक जाता था, लेकिन थाना बन जाने के बाद कर्बला के रास्ते में थाना द्वारा जप्त की गयी गाड़ियों को खड़ा कर दिया गया जिस से कर्बला तक आने जाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि थाना के पास बने शिव मंदिर के ठीक सामने से 20 फीट का रास्ता कर्बला तक ले जाने की सहमति बनी है । एनएच 522 से कर्बला स्थल की दूरी करीब 12 फीट है । इस रास्ते का विवाद की समाधान के लिए अंचलाधिकारी नीतू कुमारी द्वारा सरकारी अमीन से जमीन की मापी करवाई गई है। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि रास्ते का विवाद काफी वर्षों से चल रहा था और अब इसका समाधान लगभग हो गया है जो की बहुत ही अच्छी बात है । इस दौरान प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कैलासपति देव , ऐनुल अंसारी, हारून आदि मौजूद थे।

### बच्चों व गर्भवती महिलाओं को लगेगा टीका

**दारू।** स्वस्थ्य उपकेंद्र पेटो के प्रभारी चिकित्षक डॉक्टर अमरेश ने बताया कि जिला स्वस्थ्य विभाग के द्वारा अभी सघन मिशन इंद्रधनुष योजना के तहत जीरो से पांच वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिला का टीकाकरण किया जायेगा विभाग के द्वारा सहिया दीदी के माध्यम से एक सर्वे कराया गया था जिसमे यह जानकारी मिली की अभी भी बहुत सारे ऐसे बच्चे है जिन्हे जनम के बाद से पांच वर्ष तक टिका नहीं दिया गया है साथ ही कई गर्भवती महिलाओ को भी टिका नहीं मिल पाया है। अब विभाग ऐसे सभी को पूर्ण टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा है जिसके लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र में सहिया को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ' यह टिका मोबाइल टीम के माध्यम से या स्थल पर जाकर विशेष शिविर लगाकर दिया जायेगा। चिकित्सक ने इस कार्य के लिए सभी को सहयोग करने का आग्रह किया है।

### केबी महिला कॉलेज में होगी इंटर की पढ़ाई

**हजारीबाग।** राज्य सरकार की ओर से एक निर्देश जारी किया गया था कि झारखण्ड के अंगीभूत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई नहीं कराई जाएगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हर जिले में इस फैसले का पुरजोर तरीके से विरोध किया जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने फैसले को वापस लिया और यह घोषणा किया कि राज्य के अंगभूत कॉलेजो में पूर्व के भांति ही इंटर की पढ़ाई कराई जाएगी। इसी क्रम में हजारीबाग के केबी महिला माहविद्यालय में इंटर की पढ़ाई इस वर्ष बंद कर दिया गया था जिसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने प्रचार्या से मिलकर ज्ञापन सौंपा और पढ़ाई पुनः शुरू करने का आग्रह किया। मंगलवार को एक प्रतिनिधि मंडल पुनः प्रचार्या से मिला लेकिन प्रचार्या ने इंफ्रास्ट्रक्चर का हवाला देते हुए बात को टाल - मटोल किया जाने लगा जिसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने 2 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा अगर 2 दिन में इंटर का नामांकन शुरू नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद कॉलेज में तालाबंदी करेगी। जिसके बाद प्रचार्या ने इंटर में नामांकन करने का आदेश जारी किया और आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने के० बी० महिला विद्यालय के शिक्षकों व छात्राओं को मिठाई बाँट कर धन्यवाद दिया और कहा कि आज विद्यार्थियों की जीत हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक प्रभात कुमार, नगर सह मंत्री यशवंत कुमार, लॉ कॉलेज अध्यक्ष रूद्र राज, शेखर शर्मा, सौरव कुमार, पीयूष, अमन सिन्हा, सत्यम कुमार, रंजीत यादव, आकाश यादव,तुषार, आशीष, राजशेखर,आकाश आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हजारीबाग में वामदल का सम्मेलन 2 अगस्त को




**हजारीबाग।** वामदल का राज्य स्तरीय सम्मेलन 2 अगस्त को हजारीबाग में होगा। राज्य स्तरीय सम्मेलन में विस्थापन और राज्य में हो रहे जमीन की लूट के खिलाफ रणनीति तैयार की जाएगी। उक्त बातें सीपीआई के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने हजारीबाग स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में कही। श्री मेहता ने कहा कि पूरे झारखंड में जमीन की लूट एनटीपीसी अदानी अंबानी डालमिया हिंडालको जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियां कर रही है जिसे संरक्षण राज्य सरकार स्थानीय विधायक और केंद्र सरकार दे रही है। जिला हजारीबाग की बात करें तो बड़कागांव में लाखों है तेरी जमीन वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक और उनसे जुड़े लोग परिवार के सदस्यों ने कर लिया। जिसका खामियाजा वहां के ग्रामीण कर रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण गोंडल पूरा गांव के ग्रामीण आज सैकड़ों दिनों से धरना पर बैठे हुए हैं सामने प्रतीत होता है। रघुवर दास सरकार के रीजन में 4500000 हेक्टेयर जमीन पर गरीब और निचले तबके के लोगों को बसाया गया जो गैरमजरूआ भूमि थे। आज हेमंत सोरेन सरकार उनके जमीन को लूट करवा कर उनके आशियाने को उजाड़ कर कोयला कंपनी के हाथों में दे दिया ना रोकने वाले कभी विधायक खड़ा हुए ना कभी सांसद और आज उन्हें बेघर होकर दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। इन सभी मामलों को लेकर हजारीबाग में 2 अगस्त को सीपीआई, सीपीएम मांस मार्ले और खतियानी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें विस्थापन और जमीन के लूट के खिलाफ रणनीति तैयार की जाएगी और उसी रणनीति के तहत पूरे झारखंड भर में आंदोलन किया जाएगा जरूरत पड़ने पर विधानसभा और राजभवन को भी घेरा जाएगा। प्रेस वार्ता में सीपीआई के जिला सचिव चांद खान, महेंद्र राम, निजाम अंसारी, शौकत अनवर, शंभू कुमार, मजीद अंसारी, शब्बीर अहमद, सीपीएम के गणेश कुमार सीटू विपिन कुमार सिन्हा सीपीआई एमएल के सुधीर यादव रोहित प्रसाद मेहता आर वाई ए के शिव कुमार सिंह और खतियानी परिवार के मो हकीम शामिल थे।

## करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुंचे सिराज

**दुबई।** बीते कुछ महीनों में भारत के अग्रणी तेज गेंदबाज बनकर उभरे मोहम्मद सिराज ने बुधवार को अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल कर ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की ओर से जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, सिराज 563 रेटिंग पॉइंट के साथ टेस्ट गेंदबाजों की सूची में 33वें स्थान पर हैं। सिराज ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाकर यह रेटिंग हासिल की। उन्हें इस प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया।

## जर्मनी में चतुष्कोणीय टूनामेंट के लिये महिला जूनियर टीम घोषित

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 18 से 23 अगस्त तक जर्मनी के डसेलडोर्फ में होने वाले चतुष्कोणीय टूनामेंट के लिये बुधवार को 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। भारत टूनामेंट में इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी के खिलाफ खेलेगा। यह टूनामेंट 29 नवंबर से सैंटियागो, चिली में शुरू होने वाले 2023 महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिये टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा।

## नवरात्रि के कारण एक दिन पहले हो सकता है भारत पाक विश्व कप मैच

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 15 अक्टूबर को नियोजित एकदिवसीय विश्व कप मुकाबला एक दिन पहले, 14 अक्टूबर को आयोजित किया जा सकता है। क्रिकबज की ओर से बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद पुलिस ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) से कहा है कि 15 अक्टूबर नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण वह भारत-पाकिस्तान मैच में सुरक्षा नहीं प्रदान कर सकेगी।

# पहले वनडे में वेस्टइंडीज से भिड़ने को तैयार इंडिया



**हेड टू हेड**

| | |
|---|---|
| कुल वनडे: | 139 |
| भारत जीता: | 70 |
| वेस्टइंडीज जीता: | 63 |
| बेनतीजा: | 4 |
| टाई: | 2 |

**इस प्रकार हैं दोनों टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, शार्दुल ठाकुर, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार

**वेस्टइंडीज:** शाई होप (कप्तान), रोवमैन पॉवेल, एलिक अथानाजे, यानिक कारिया, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायेर, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, काइल मायर्स, गुडाकेश मोती, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिनक्लेयर, ओशाने थॉमस।

**मैच का समय :** शाम सात बजे से।



एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में सूर्यकुमार यादव इस प्रारूप में अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेंगे जबकि विकेटकीपर के स्थान के लिये ईशान किशन और संजू सैमसन में मुकाबला होगा। भारत एशिया कप और अक्टूबर नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने के मकसद से इस सीरीज में कुछ खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगा। दोनों टेस्ट की तरह इसमें भी भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है लेकिन सीरीज में सूर्यकुमार, ईशान, सैमसन, युजवेंद्र चहल और उमरान मलिक जैसे खिलाड़ियों पर नजरें रहेंगी। मुकाबले की शुरूआत भारतीय समय अनुसार शाम 7 बजे से होगी। टी20 क्रिकेट का अपना फॉर्म वनडे में नहीं दोहरा सके सूर्यकुमार चोटिल श्रेयस अय्यर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर के लिए दावा कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में लगातार तीन मैचों में पहली ही गेंद पर आउट हुए सूर्यकुमार को पहले मैच में जगह मिलने की उम्मीद है। वहीं जांघ की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन करा रहे केएल राहुल टीम में लौटने पर विकेटकीपर की भूमिका के लिये प्रबल दावेदार होंगे। उनकी गैर मौजूदगी में ईशान और सैमसन के पास दूसरे विकेटकीपर का दावा पुख्ता करने का मौका है चूंकि ऋषभ पंत विश्व कप से पहले फिट होते नहीं दिख रहे। सैमसन को टीम से भीतर बाहर होने की आदत है लेकिन 11 वनडे में 66 की औसत से रन बना चुके इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि इस बार उन्हें अधिक मौके मिलेंगे। टेस्ट सीरीज में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले ईशान पहले मैच में विकेटकीपर होंगे जिससे मध्यक्रम में स्थान लिये सैमसन और सूर्यकुमार में मुकाबला होगा। रोहित शर्मा और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे जिससे रूतुराज गायकवाड़ को बाहर रहना होगा। आईपीएल के बाद से नहीं खेले उपकप्तान हार्दिक पंड्या को पांच टी20 मैचों में कप्तानी भी करनी है जिससे उन्हें वनडे सीरीज के दौरान कार्यभार प्रबंधन के तहत कुछ मैच से आराम भी दिया जा सकता है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज उमरान मलिक के पास यह एक और मौका है। वह सात वनडे में 13 विकेट ले चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में कुलदीप यादव को चहल पर तरजीह मिली थी लेकिन इस बार चहल के पास मौका है। तेज आक्रमण की कमान मोहम्मद सिराज संभालेंगे जबकि दूसरे विकल्पों में जयदेव उनादकट, मुकेश कमार और शार्दुल ठाकुर हैं। वेस्टइंडीज वनडे विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी है और दो बार की चैंपियन टीम भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके कैरेबियाई क्रिकेट को जीवंत बनाये रखना चाहेगी। शिमरोन हेटमायेर और ओशाने थॉमस की वापसी टीम को मजबूती देगी जो दो साल बाद लौटे हैं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंग्लैंड को ड्रॉ पर रोका




**बार्सिलोना।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को स्पैनिश हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट के अपने शुरूआती मैच में पिछड़कर वापसी करते हुए इंग्लैंड को 1-1 के ड्रा पर रोक लिया। इंग्लैंड होली हंट (सातवां मिनट) के गोल के दम पर जीत की ओर बढ़ रही थी, लेकिन लालरेम्सियामी (41वां) ने भारत के लिए गोल जमाकर मुकाबला ड्रॉ करवाया। इंग्लैंड की टीम मुकाबले के पहले मिनट से अपनी लय में दिखी और बेहतरीन तरीके से गेंद को पास करते हुए उसपर कब्जा रखा। मैच के सातवें ही मिनट में हंट ने भारतीय डी के अंदर जोरदार शॉट खेलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने स्कोर बराबर करने के कई मौके बनाए लेकिन इंग्लैंड के अटूट रक्षण ने उसे एक बार भी गेंद को नेट में पहुंचाने का मौका नहीं दिया। दूसरे क्वाटर्र में भारत के आक्रामक रवैये को देखकर इंग्लैंड ने गेंद को अपनी मिडफील्ड और रक्षकों तक सीमित रखने की योजना बनाई। यह योजना इंग्लैंड के काम आयी और भारतीय महिलाएं हाफ टाइम तक पिछड़ी रहीं। इंग्लैंड ने 30वें मिनट तक अपनी बढ़त सुरक्षित रखने के बाद भारतीय खेमे में आक्रमण करने का फैसला किया। इस नीति ने इंग्लैंड को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया, हालांकि वह इसे भुना नहीं सका। इस बीच, इंग्लैंड की आक्रमणकारी नीति ने भारत को भी गेंद पर कब्जा करने का मौका दे दिया। कुछ देर बाद ही भारत ने अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया और लालरेम्सियामी ने इसे गोल में बदलने में कोई चूक नहीं की। दोनों ही टीमों ने मुकाबले के अंतिम मिनटों में कई पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये लेकिन गोल न होने के कारण मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

## अमेरिका में चल रहा मेसी मैजिक, दूसरे ही मैच में दागे दो गोल, इंटर मियामी को मिली जीत



एजेंसी

**वाशिंगटन।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने दो गोल किए और इसकी मदद से इंटर मियामी ने अटलांटा यूनाइटेड को 4-0 से हराकर लगातार दूसरी लीग कप जीत हासिल की। मंगलवार की रात को खेले गए मुकाबले में इंटर मियामी की टीम आठवें मिनट में आगे हो गई जब मेसी ने सर्जियो बसक्वेट्स के ऊंचे पास पर दौड़ लगाई और उनका पहला प्रयास पोस्ट से टकरा गया लेकिन रिबाउंड पर उन्होंने गोल दाग दिया। लियोनेल मेसी ने इसके बाद रॉबर्ट टेलर के साथ मिलकर काम किया, जिनके क्रॉस से 36 वर्षीय फारवर्ड को अपना दूसरा गोल किया। मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) टीम जबरदस्त फॉर्म में दिखाई दे रही थी। टेलर ने इंटर मियामी के लिए तीसरा गोल किया और स्कोर 3-0 हो गया। अर्जेंटीना विश्व कप विजेता के साथ शुरू हुए मूव को समाप्त कर दिया। फिनलैंड के इंटरनेशनल मुकाबले खेलने वाले विंगर टेलर ने मेसी की असिस्ट पर अपनी टीम के लिए चौथा गोल किया इसके बाद मुकाबले में कोई और गोल नहीं हो पाया और इंटर मियामी ने मुकाबले को अपने नाम कर लिया। मेसी का इंटर मियामी के लिए दो मैचों में तीन गोल हो गए हैं। वह इस महीने की शुरूआत में ही क्लब के साथ जुड़े हैं। इंटर मियामी ने लीग्स कप की शानदार शुरूआत की है, जो एमएलएस और मैक्सिको के लीगा एमएक्स क्लबों के बीच एक अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट है। अपने दोनों ग्रुप मुकाबले जीतकर इंटर मियामी की टीम अपने ग्रुप में टॉप पर है। टीम ने राउंड ऑफ 32 के लिए क्वॉलीफाई भी कर लिया है। इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर डेविड बेकहम क्लब के मालिक हैं।

## रांची की सड़कों पर महेंद्र सिंह धोनी विंटेज रोल्स-रॉयस कार चलाते दिखे



**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और रांची के राजकुमार महेंद्र सिंह धोनी कार और बाइक के प्रति अपने प्रेम के लिए जाने जाते हैं। उनके पास देश में सबसे बढ़िया, कीमती और विंटेज कार और बाइकों का कलेक्शन है। इन्हीं में से किसी बाइक या कार को चलाते हुए धोनी रांची में दिख जाते हैं। हाल ही में, एमएस धोनी को 1980 के दशक की एक बेहद विंटेज रोल्स-रॉयस चलाते हुए देखा गया। एक इंस्टाग्राम यूजर ने एमएस धोनी का यह वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में धोनी डुअल-टोन रोल्स-रॉयस चलाते हुए दिख रहे हैं। रांची की सड़कों पर धोनी को रोल्स-रॉयस सिवर व्रेथ ॥ चलाते हुए देखकर उनके फैंस काफी खुश हो गये। कैप्टन कूल मॉडर्न लक्जरी कारों से ज्यादा पुरानी और विंटेज गाड़ियों को पसंद करते हैं। धोनी जिस रोल्स-रॉयस सिल्वर व्रेथ क्क्को इस वीडियो में चला रहे हैं, उसे 1976 में लॉन्च किया गया था। धोनी को इससे पहले रोवर मिनी कूपर स्पोर्ट और लैंड रोवर डिफेंडर 110 भी चलाते हुए देखा गया है। इसके अलावा महेंद्र सिंह धोनी के पास पोंटियाक फायरबर्ड और एक निसान जोंगा भी है। इस कार को कभी सेना में इस्तेमाल किया जाता था।

## सिंधु फिर हारीं, सात्विक-चिराग फिर जीते

**टोक्यो।** खराब फॉर्म से गुजर रहीं पीवी सिंधु की चिंताएं खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु बुधवार को जापान ओपन के पहले चरण में चीन की झांग यी मान से सीधे गेमों में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयीं। झांग को सिंधु पर 21-12, 21-13 की विजय प्राप्त करने में सिर्फ 32 मिनट का समय लगा। शीर्ष भारतीय शटलर इस साल के 13 बीडब्ल्यूएफ आयोजनों में सातवीं बार पहले चरण में बाहर हुई हैं।

## एशियाई खेलों के लिये भारतीय फुटबॉल टीम को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नियमों में ढील देते हुए भारत की पुरुष और महिला फुटबॉल टीम को चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में भेजने का निर्णय लिया है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी देते हुए बुधवार को ट्वीट किया, भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिये अच्छी खबर! हमारी पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय फुटबॉल टीमें आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिये तैयार हैं। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने उन दोनों टीमों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिये नियमों में ढील देने का निर्णय लिया है।

## जांबिया को रौंदकर शीर्ष-16 में स्पेन

**ऑकलैंड।** स्पेन ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में बुधवार को जाम्बिया को 5-0 से रौंदकर टूनामेंट के शीर्ष-16 चरण में जगह बना ली। ईडन पार्क पर खेले गये ग्रुप-सी मैच में जेनिफर हमोसी (13वां, 70वां मिनट) और अल्बा रेडोंडो (69वां, 85वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये दो-दो गोल किये। टेरेसा अलेबियेरा (नौंवा मिनट) ने एक गोल जमाया।

## शफीक-सलमान चमके, पाक की बढ़त 400 के करीब

**कोलंबो।** युवा प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक (201) के दोहरे शतक और आगा सलमान (132 नाबाद) के शतक के दम पर पाकिस्तान ने दूसरे श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को पांच विकेट के नुकसान पर 563 रन बना लिये। पहली पारी में श्रीलंका को 166 रन के मामूली स्कोर पर आउट करने के बाद पाकिस्तान 397 रन की बढ़त बना चुका है और अब मेजबान टीम के लिये मैच में वापसी करना मुश्किल होगा।

## सारण : छपरा जंक्शन पर ट्रेन से शराब बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के छपरा जंक्शन पर छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन के साधारण श्रेणी के एक डब्बे से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 528 पीस टेट्रा पैक अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। रेलवे सुरक्षा बल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्ग से चलकर छपरा जंक्शन पहुंची ट्रेन संख्या 15160 सारनाथ एक्सप्रेस जब छपरा जंक्शन पहुंची तो रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के द्वारा ट्रेन के प्रत्येक डब्बे की जांच शुरू की गई। इसी दौरान साधारण श्रेणी के एक डब्बे में तीन लावारिस बोरा को देखने के बाद जवानों ने उस बोरा के संबंध में यात्रियों से पूछताछ की गई। जिसे किसी ने अपना नहीं बताया।

## शराब कांड में दोषी दो आरोपी को पांच साल की सजा

**कटिहार।** कटिहार व्यवहार न्यायालय अंतर्गत एक्साइज कोर्ट वन के न्यायाधीश आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने बुधवार को दंडखोरा थाना में लंबित कांड संख्या 67/21 में 45 वर्षीय अभियुक्त मो सद्दर आलम और 32 वर्षीय मो. जमाउद्दिन को दोषी पाते हुए पांच वर्ष की सजा के साथ एक लाख रुपये की आर्थिक दंड की सजा सुनाई। इस संदर्भ में विशेष जानकारी देते हुए स्पेशल पीपी नूर आलम ने बताया कि मामले में पाए गए दोनों अभियुक्त कटिहार जिला के निवासी हैं। जिनके पास से 291 लीटर शराब को बरामद हुआ है। वही जजमेंट सुनाने के बाद न्यायालय द्वारा दोनों दोषी व्यक्तियों को जेल भेज दिया गया।

## पुलिस की गोली से एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**कटिहार।** जिले के बारसोई थाना क्षेत्र में बुधवार हुई पुलिस फायरिंग में तीन लोगों को गोली लगी है। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि बारसोई पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि बारसोई थाना अंतर्गत बिजली कार्यालय में उपद्रवियों द्वारा तोड़फोड़ करते हुए पत्थरबाजी की गई। घटना की सूचना मिलते ही बारसोई अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा तुरंत मौके पर पहुंचकर विधि व्यवस्था संभाला गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति की मौत एवं दो व्यक्ति घायल हुए है।

## जमीन विवाद में मारपीट में महिला समेत पांच घायल

**अररिया।** पलासी थाना क्षेत्र के डेहटी ककोड़वा गांव में जमीन विवाद में बुधवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमे एक पक्ष की महिला सहित पांच लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी को इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर अररिया सदर अस्पताल में भर्ती मो.रफत ने बताया कि वह अपनी जमीन पर घर बना रहा था। इसी क्रम में पड़ोस में रहने वाले ग्रामीण चिकित्सक आवेश ने घर बनाने से पहले रोका ।लेकिन बाद में 20 से 25 की संख्या में बदमाशों के साथ अचानक लाठी डंडा और फरसा से हमला कर दिया ।घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट का आरोप लगाया गया है। जिसमे मां बहन समेत भाभी जख्मी हो गई है ।उन्हे भी अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भाजपा के नफरत फैलाने के अभियान का डटकर मुकाबला करेगा इंडिया: माले

**दरभंगा।** भारत की कम्युनिस्ट (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने बुधवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर तीखा हमला किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फासीवादी देशबेचू एवं नफरत फैलाने वाली सरकार को विपक्ष का ह्यइंडियाह्व गठबंधन परास्त करेगा। माले पोलित ब्यूरो के सदस्य सह मिथिलांचल के प्रभारी धीरेंद्र झा ने पार्टी के मिथिला स्तरीय अध्ययन शिविर के दूसरे दिन आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह इंडिया के लोगों ने एकजुट होकर भारत को आजाद किया था।

## लूटी गयी बाइक के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के कदहर-चंद्रदीप पथ पर महापुर मोड़ घोघरा पर के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट कर लूटी गई बाइक को पुलिस ने बुधवार को बरामद कर लिया। वहीं पुलिस ने घटना में शामिल पांच अंतरजिला अपराधियों को भी गिरफ्तार कर उसके पास से छह मोबाइल भी जब्त किया है। कौआकोल थाना में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया कि 04 जुलाई 23 की रात्रि छबैल गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह के पुत्र शुभम कुमार चिहुटिया गांव से अपने दुकान को बंद कर अपाची बाइक से अपने घर छबैल लौट रहे थे,तभी महापुर मोड़ के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा वाहन को रोककर युवक के साथ मारपीट कर अपाची बाइक एवं मोबाइल व नगदी लूट लिया। इस घटना को लेकर कौआकोल थाना में पीड़ित व्यक्ति के द्वारा काण्ड संख्या-404/23 के तहत मामला दर्ज कराया गया।

## दहेज की मांग को लेकर महिला की हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर एक महिला की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि जिले के डेरनी थाना क्षेत्र निवासी मृतका पुष्पा देवी (25) के पिता ने जलालपुर थाने में पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा है कि उन्होंने अपने पुत्री पुष्पा की शादी लगभग 5 वर्ष पूर्व ककरहट बड़का गांव निवासी दिनेश साह से की थी। उनका दामाद बाहर काम करता है। सूचना मिली कि उनकी पुत्री के गले में रस्सी का फंदा डालकर उसके ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी है।जब वे अपनी पुत्री के ससुराल पहुंचे तो अपनी पुत्री के शव को छत से लटका पाया।

# कटिहार: हिंसक भीड़ पर फायरिंग में तीन की मौत




एजेंसी

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में बिजली विभाग के खिलाफ उग्र प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी है। एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कटिहार एसपी जितेंद्र कुमार ने दो की मौत की पुष्टि की है। वहीं ग्रामीण तीन लोगों की मौत की बात कह रहे हैं। हिंसक झड़प में कई पुलिस वाले भी घायल हैं।

प्रदर्शनकारियों के पथराव में 12 से अधिक पुलिसकर्मी और बिजली कर्मचारी भी घायल हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस फायरिंग में 5 लोगों को गोली लगी है। बारसोई अनुमंडल में बुधवार दोपहर 12:30 बजे बिजली कटौती के खिलाफ एक हजार से अधिक लोग सड़क पर उतर गए। प्रदर्शनकारी बिजली दफ्तर का घेराव करने पहुंचे। प्राणपुर के बस्तौल चौक और बारसोई प्रखंड मुख्यालय का मेन रोड जाम करके लोग प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहले लाठीचार्ज किया। उग्र भीड़ फिर भी नहीं मानी, तब पुलिस ने गोली चलाई। बुधवार सुबह 5 बजे से 11 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के लिए बिजली आपूर्ति बाधित थी। एसपी जितेंद्र कुमार ने कहा कि बिजली विभाग के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई है। लोग प्रोटेस्ट कर रहे थे। अचानक भीड़ उत्तेजित हो गई। लोगों की भीड़ में पुलिसकर्मी घिर गए थे। इस वजह से आत्मरक्षा में कुछ फायरिंग की गई थी। आगे हमलोग जांच कर रहे हैं। इधर, पुलिस मुख्यालय की तरफ से प्रेस रिलीज जारी करके कहा गया कि भीड़ उग्र थी। थाने से 100 मीटर दूर बिजली विभाग के दफ्तर पर प्रदर्शन चल रहा था। पुलिस ने चेतावनी दी, लेकिन उग्र भीड़ नहीं मानी। पुलिस और बिजली विभाग के अफसरों पर पथराव कर दिया। इस पर पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए सीमित फायरिंग की।

इस घटना के बाद प्रदेश में सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा घटनास्थल के पर पहुंच गये हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बताया कि कटिहार में नीतीश की पुलिस ने गोली चलाकर आम लोगों को मारने का काम किया। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी हाई लेवल जांच की जाएगी। घायलों में बारसोई में पदस्थापित विद्युत कार्यालय डाटा एंट्री ऑपरेटर का छोटे भाई सोनू शाह है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नाजुक हालात में कटिहार मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिकांत ने कहा कि युवक को भर्ती कराया गया है। आगे के हिस्से में सिर में गोली लगी है। पीछे के हिस्से में जाकर अटक गयी है।

# बिहार की हकमारी नहीं, एनडीए सरकार में 5.22 लाख करोड़ ज्यादा मिले : सुशील



एजेंसी

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार में बिहार की कोई हकमारी नहीं हुई, बल्कि यूपीए के दस साल की तुलना में पिछले नौ साल में राज्य को 5 लाख 22 हजार 768 करोड़ रुपये ज्यादा मिले। यह और बात है कि नीतीश कुमार की शराबबंदी नीति के चलते सात साल में राज्य को लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के राजस्व से वंचित रहना पड़ा। सुशील मोदी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि केंद्रीय करों में हिस्से के रूप में भी बिहार को पिछली यूपीए सरकार की तुलना में 02 लाख 50 हजार 552 करोड़ रुपये अधिक प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि सहायता अनुदान ( ग्रांट इन एड ) के तौर पर बिहार को यूपीए के दस साल ( 2004-2014) की अपेक्षा एनडीए के नौ साल (2014-2023) में 01 लाख 81 हजार 216 करोड़ रुपये अधिक मिले। मोदी ने कहा कि वित्त मंत्री विजय चौधरी और योजना मंत्री बिजेंद्र यादव बताएं कि विभिन्न मदों में अधिक धनराशि देने के साथ पीएम पैकेज भी देना बिहार की हकमारी कैसे है? उन्होंने कहा कि स्वाधीनता के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी एक झटके में 32 से बढा कर 42 फीसदी कर दी। 10 फीसदी की वृद्धि से बिहार जैसे पिछड़े राज्य को सर्वाधिक लाभ हुआ। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष तो जदयू के पूर्व सांसद और बिहार के अर्थशास्त्री एनके सिंह थे। क्या जदयू बिहारी अर्थशास्त्री पर बिहार की हकमारी का आरोप लगाना चाहती है?

## महिला का शव बरामद

**नवादा।** पटना रांची रोड एनएच 20 पर रजौली थाना क्षेत्र के करीगांव मोड़ के पास स्थित टोल प्लाजा के नजदीक से पुलिस ने बुधवार को अज्ञात मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला का शव बरामद किया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि एनएच 20 टोल प्लाजा के नजदीक एक महिला का शव पड़ा हुआ है। इसी सूचना के आलोक में थाने में पदस्थापित एसआई मथुरा दास और एएसआई सुनील कुमार सिंह को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा गया और शव को अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। लोगों ने बताया है कि टोल प्लाजा के नजदीक कई दिनों से महिला कई होटलों में मांग कर खा रही थी। इधर-उधर घूम रही थी। देर रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मृत्यु हुई है। महिला का पहचान नहीं हो सका है। पहचान की कोशिश की जा रही है। महिला का परिजन नहीं होने की वजह से शव को पोस्टमार्टम में भेजने के लिए उसे उठाकर गाड़ी पर लादने वाला भी कोई नहीं था।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पिपरा हत्याकांड में यू टर्न

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपरा के महुअवा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति जीतू उर्फ जितेंद्र की चर्चित हत्या कांड में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद जांच तेज कर दी गयी है। इस मामले में आरोपियों का नार्को टेस्ट भी हो सकता है और इसे सीआईडी को देने की कार्रवाई चल रही है। इस संबंध में बुधवार को एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने मीडिया से संवाद करते कहा कि उक्त हत्या कांड में पुलिस को जो साक्ष्य मिले थे उसके आधार पर जीतू के आत्महत्या की आशंका जताई जा रही थी। हालांकि मृतक का मोबाइल फोन का एफएसएल जांच की जा रही है। 10 जुलाई की सुबह जीतू का शव उनके पंचायत के ही एक तालाब से बरामद किया गया था। जिसके बाद तालाब से मिला आर्म्स जिसमे एक फायर गोली मिला था,फिर मृतक के मोबाइल फोन में गूगल क्रोम पर आत्म हत्या के सर्च किये गए तरीके , गोली लगने के पहले व बाद में आदमी की स्थिति सरीखे बाते भी सर्च की गई थी। इसके अलावे मृतक ने एक वीडियो भी बनाया था जो घटना से 4-5 घंटे पूर्व का बताया गया। उक्त वीडियो में पिपरा विधायक पर अपनी हत्या करा देने की आशंका जीतू ने जताई थी। बकौल एसपी अब पुलिस पीपरा काण्ड को सीआईडी को सौंपने और उसके निर्देश पर काम करने का मन बनाया है। वही इसको लेकर एम्स के फॉरेंसिक विभाग को भी पत्र भेजा जा रहा है। पुलिस कप्तान ने कहा है कि न्यायालय के आदेश पर घटना के आरोपियों का गुजरात के अहमदाबाद में नार्को टेस्ट भी कराया जाएगा। ऐसे में शहर में चर्चाओ का बाजार गर्म है।

**➲ घटना के आरोपियों का होगा नार्को टेस्ट, एम्स की फॉरेंसिक लैब व सीआईडी भी करेगी जांच**

